हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




## वयं राष्ट्र जाग्रयामः पुरोहत

परशु' प्रतीक है पराक्रम का। 'राम' पर्याय है सत्य सनातन का। इस प्रकार परशुराम का अर्थ हुआ पराक्रम के कारक और सत्य के धारक। शास्त्रोक्त मान्यता तो यह है कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, अतः उनमें आपादमस्तक विष्णु ही प्रतिबिंबित होते हैं, परंतु मेरी मौलिक और विनम्र व्याख्या यह है कि 'परशु' में भगवान शिव समाहित हैं और 'राम' में भगवान विष्णु। इसलिए परशुराम अवतार भले ही विष्णु के हों, किंतु व्यवहार में समन्वित स्वरूप शिव और विष्णु का है। इसलिए परशुराम दरअसल 'शिवहरि' हैं। पिता जमदग्नि और माता रेणुका ने तो अपने पाँचवें पुत्र का नाम 'राम' ही रखा था, लेकिन तपस्या के बल पर भगवान शिव को प्रसन्ना करके उनके दिव्य अस्त्र 'परशु' (फरसा या कुठार) प्राप्त करने के कारण वे राम से परशुराम हो गए। 'परशु' प्राप्त किया गया शिव से। शिव संहार के देवता हैं। परशु संहारक है, क्योंकि परशु 'शस्त्र' है। राम प्रतीक हैं विष्णु के। विष्णु पोषण के देवता हैं अर्थात् राम यानी पोषण/रक्षण का शास्त्र। शस्त्र से ध्वनित होती है शक्ति। शास्त्र से प्रतिबिंबित होती है शांति। शस्त्र की शक्ति यानी संहार। शास्त्र की शांति अर्थात् संस्कार। मेरे मत में परशुराम दरअसल 'परशु' के रूप में शस्त्र और 'राम' के रूप में शास्त्र का प्रतीक हैं। भगवान परशुराम वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन अवतरित हुए भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। इन्हें विष्णु का आवेशावतार भी कहा जाता है क्योंकि इनके क्रोध की कोई सीमा नहीं थी। अपने पिता की हत्या के प्रतिशोध स्वरूप इन्हें हैहय वंशी क्षत्रियों के साथ 21 बार युद्ध करने व उनका समूल नाश करने के लिये जाना जाता है।




अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर
भगवान श्री परशुराम जी
के जन्मोत्सव के पावन पर्व में
भव्य शोभायात्रा
20 अप्रैल, सोमवार शाम 04 बजे
-:शोभायात्रा मार्ग:-
अशोक नगर चौक, सरकंडा से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गो (नूतन चौक, सीपत चौक, होण्डाई चौक, रामसेतु पूल)
से होते हुए बाजपेई मैदान, (तिलक नगर) में पहुंचकर महाआरती, सम्मान समारोह एवं
भजन संध्या के पश्चात् भोग प्रसाद के साथ समापन...
आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है...
विनीतः- भगवान श्री परशुराम सेवादार समिति, बिलासपुर (छ.ग.)
J.J. Ad

# लू के थपेड़ों से झुलसा इलाका, सुबह 9 बजे से चलती रही गर्म हवा, पारा 43 डिग्री पार


दोपहर बाद सूनी हो गईं सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पश्चिमी हवाओं के आने से गर्मी का कहर बरप रहा है, सुबह 9 बजे से आसमान से आ रही तेज किरणें आग बरसा रही है। हालत यह है कि दोपहर 12 बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा छा जा रहा है, वहीं जिन लोगों को जरूरी काम है, वे भी सावधानी बरतते हुए बाहर निकल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार 2 दिन तापमान में कोई कमी होने के आसार नहीं है। रविवार को बिलासपुर का तापमान 43.4 डिग्री दर्ज किया गया है।

प्रदेश में लू के थपेड़े चलने लगे हैं, जिसके चलते तापमान 44 डिग्री की ओर बढ़ने लगा है। राजधानी रायपुर के साथ ही बिलासपुर, दुर्ग संभाग के इलाकों में अगले 2 दिनों तक हीट वेव चलने का अलर्ट जारी किया गया है। गर्मी के कारण लोगों का हाल बेहाल होने लगा है। सुबह 9 बजे से ही सूरज अपने तेवर दिखा रहा और 12 बजे तक पूरे शबाब में पहुंच रहा है, जिसके चलते लोगों का चिलचिलाती गर्मी से सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान सड़के विरान हो जाती हैं।

### सामान्य से 3 डिग्री अधिक

राजधानी रायपुर में तापमान सामान्य तापमान से 5 डिग्री और बिलासपुर में 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। वर्तमान में शादियों का सीजन चल रहा है ऐसे में बस, ट्रेन में भी भीड़ भाड़ है, लोगों को ना चाह कर भी यात्रा करनी पड़ रही है, इसलिए उनका सामना भीषण गर्मी से पड़ रहा है, जिन लोगों ने गर्मी के तेवर देखे हैं, उनकी तबियत भी जवाब दे रही है।

## घंटों बिजली बंद से हलाकान लोग

43 डिग्री के तापमान में भी बिजली बंद होना लोगों के लिए भारी पड़ रहा है, दिन के साथ ही रात में भी बिजली बंद की घटनाएं बढ़ चुकी है, ऐसे में विभाग द्वारा कटौती कर किया जा रहा मेंटनेंस लोगों के गले नहीं उतर रहा है। रविवार को भी शहर के कई इलाकों में बिजली की ट्रिपिंग जारी रही, जिससे उपभोक्ता हलाकान होते रहे।


तिफरा क्षेत्र में सुबह से ही बिजली बंद रही, करीब 11 बजे के आसपास बिजली का तार टूटने के कारण करीब 2 घंटे तक सप्लाई ठप रही, लेकिन शाम करीब 3 बजे 11 केवी तार में फाल्ट आने और केबल बदलने के लिए बिजली बंद रही, रात 9 बजे तक बिजली नहीं आने के कारण लोगों को गुस्सा भड़कने लगा। यही हाल गोलबाजार, शनिचरी, विद्या नगर, व्यापार विहार, गोंड़पारा जैसे क्षेत्रों में रहा, जहां सुबह से 10.30 बजे से शाम तक बिजली की आंखमिचौली जारी रही, बताया जा रहा है कि 33 केवी शनिचरी सबस्टेशन में आई खराबी के कारण दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक बिजली बंद रही, इसके बाद शाम होते-होते करीब 3 से 4 बार बिजली आधे घंटे के लिए गोल रही।

### तार जोड़ने में 11 घंटे लगे

तिफरा विकास नगर, मन्नाडोल में रविवार की सुबह 11 बजे से बिज़ली बंद रही,11 केवी की 2 तार टूट गए, लेकिन इसे जोड़ने और ट्रांसफार्मर को ठीक करने में बिजली विभाग के कर्मचारियों को 11 घंटे लगे। इस दौरान उपभोक्ताओ ने सहायक यंत्री डी के साहू और अधीक्षण यंत्री को बिजली बंद होने की सूचना दी, लेकिन बिजली आने में 12 घंटे का वक्त लग गया। शहरीय क्षेत्रो में इतनी देर तक बिजली बंद होने और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली उपभोक्ताओं में रोष पैदा कर रही है।

### सिम्स में छाया अंधेरा

शनिचरी सबस्टेशन से सप्लाई ठप होने के कारण सिम्स पुरानी बिल्डिंग में घंटों बिजली बंद रही। फिमेल सर्जिकल वार्ड, लेवर वार्ड 2, आर्थोपेडिक वार्ड, मेल सर्जिकल वार्ड में सप्लाई बंद रही। बर्न वार्ड जैसे संवेदनशील जगहों पर भी बिजली नहीं थी। वहीं बिजली बंद के दौरान एक मरीज लिफ्ट नंबर 6 में फंस गया, जिसे बाहर निकलने के लिए गार्ड को मशक्कत करनी पड़ी, लिफ्ट की चाबी लाकर पैनल खोला गया।




बिलासपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026 haribhoomi.com हरिभूमि 5



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 20 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255


पहल

## श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल ने किया 'प्याऊ' का शुभारंभ



**बिलासपुर।** राहगीरों की सुविधा के लिए वॉटर कूलर स्थापना की विशेष जनहितकारी पहल पर हित एवं जनकल्याण के प्रति समर्पित श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय पहल की गई। 19 अप्रैल को मंडल की अध्यक्षा शशि दुहन के मार्गदर्शन में शहर के प्रमुख स्थलों — इंदिरा विहार, बसंत विहार एवं नेहरू शताब्दी चौक पर "प्याऊ" का शुभारंभ किया गया। इस पहल के अंतर्गत इन तीनों स्थानों पर कुल तीन वॉटर कूलर स्थापित किए गए हैं तथा नियमित रूप से प्याऊ का संचालन भी सुनिश्चित किया जा रहा है। जिससे राहगीरों एवं आमजन को भीषण गर्मी में शीतल एवं स्वच्छ पेयजल सहजता से उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्ष अनीता बी. फ्रेंकलिन, विनीता जैन एवं शुभश्री महापात्रा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्याओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत राहगीरों को आम पना वितरण के साथ की गई। इन स्थानों पर स्थापित वॉटर कूलर एवं संचालित प्याऊ के माध्यम से राहगीरों को पूरे वर्ष भर शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा।

## महिला जागृति समूह ने प्याऊ सेवा का किया शुभारंभ



**बिलासपुर।** महिला जागृति समूह बिलासपुर एवं गार्गी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पिछले पांच वर्षों से संचालित प्याऊ सेवा का आज अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जयंती पर पुनः शुभारंभ किया गया। इस सेवा के माध्यम से राहगीरों को ठंडा पानी एवं शरबत वितरित कर गर्मी से राहत प्रदान की जा रही है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ दिलाने यह सेवा पूरे ग्रीष्मकाल के दौरान निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम का संचालन महिला जागृति समूह की अध्यक्ष डॉ. ज्योति सक्सेना तथा गार्गी फाउंडेशन की अध्यक्ष बिंदु सिंह कछुवाहा के मार्गदर्शन में किया गया। सहयोग करने वाली प्रमुख महिलाओं में शोभा गुप्ता, रेनू रानी गौतम, अनीता दुआ, उषा भांगे, पद्माजा सिंह, जय श्री साहू, डॉ. अलका यादव, भूमिका डोड़ेजा, सरिता सराफ, सीता गुप्ता, हेमा सिंह, प्रीति मिश्रा, चांदनी भारद्वाज, चंदा सोनी, ममता साहू, रानी त्रिभुवन नाथ सिंह, पूजा सिंह, विनीता वैद्य, सुमिता दास गुप्ता सहित अन्य महिलाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम में अजीत मिश्रा एवं समाजसेवी प्रीति मिश्रा, नरेंद्र सिंह कछवाहा द्वारा आर.एस.के. क्रिकेट अकादमी के बच्चों के लिए वाटर कूलर प्रदान किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन भी किया गया।

उपलब्धि

## तेलुगु महासंघम ने किया अप्पा राव का सम्मान



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ तेलुगु महा संघम बिलासपुर शाखा ने राम लीला मैदान में एक समारोह का आयोजन किया। इसमें खेल एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कोमारा अप्पा राव का सम्मान किया गया। सभी पदाधिकारियों ने श्री अप्पा राव के खेल जीवन एवं उनके अनुकरणीय योगदान की सराहना की। श्री अप्पा राव ने खो-खो खेल में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर प्रदेश एवं देश का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने वर्ष 2007 में आयोजित तृतीय एशियन खो-खो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में वर्ष 2013, 2014, 2017, 2019 एवं 2022 में लगातार स्वर्ण पदक जीता। अंतरराष्ट्रीय खो-खो में उन्होंने रजत पदक भी अर्जित किया। समारोह में संघम के संरक्षक वी. रामाराव, उपाध्यक्ष बी. वेणुगोपाल राव, सी. श्रीनिवास राव, एन. लोकेश, आर. रामकुमार, एस. शंकर राव, यू. मुरली राव, आंध्रा समाज बिलासपुर के एन. रमना मूर्ति, पी. श्रीनिवास राव, टी. रमेश बाबू, जी. रमेश चंद्रा, आर. श्रीनिवास राव एवं के. श्रीनिवास राव, नेशनल खो-खो खिलाड़ियों सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

समारोह

## सम्मानित लोगों को आगे बढ़ने किया प्रेरित



**बिलासपुर।** शकुंतला फाउंडेशन की अध्यक्ष स्मिता सिंह के नेतृत्व में एक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 151 समाज सेवकों को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में अर्चना झा एडिशनल एसपी, डॉ रूपेंद्र कवि, डॉ शिवेन्द्र त्रिपाठी, दीपाक्षा जैन तथा समाजसेवी रेखा गुल्ला बिलासपुर उपस्थित रहीं। अतिथियों ने समाजसेवा के महत्व को रेखांकित करते हुए सम्मानित व्यक्तियों के कार्यों की सराहना की और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सम्मानित होने वालों में विनिता राव, सुमिता दास गुप्ता, माधुरी तिवारी, आरती दांडेकर, स्मृति सिंह, रीता झा, अलका चौहान, एमएम. गुल्ला एवं धनेश रजक शामिल रहे। ज्ञात हो कि शकुंतला फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों, विशेषकर हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अब तक संस्था द्वारा अनेक बच्चों का सफल उपचार कराया जा चुका है, जिससे उनके जीवन में नई उम्मीद जगी है।

### समग्र ब्राम्हण समाज व परशु सेना, आज होगी पूजा-अर्चना, कल निकलेगी शोभायात्रा

भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत दूसरे दिन रविवार को समग्र ब्राम्हण समाज और परशु सेना ने हॉटल आनंदा इंपीरिया में रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इसमें विप्रजनों सहित अन्य लोगों ने 151 यूनिट रक्तदान कर एक अच्छा सामाजिक संदेश दिया।

# रक्तदान शिविर में मिला 151 यूनिट ब्लड



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समग्र ब्राम्हण समाज के आदर्श दुबे ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को सार्थक करने समाज द्वारा विविध सामाजिक, सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसके तहत अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए रविवार को रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरूषों ने रक्तदान किया।

शिविर में एसडी बड़गैय्या, विवेक वाजपेयी, चंद्रप्रकाश वाजपेयी, विनय शर्मा, राजकुमार तिवारी, अमित तिवारी, शिवा मिश्रा, देवेंद्र पाठक, प्रचल चौबे, मनीष शर्मा, अमित शुक्ला, सोमू दुबे, प्रतीक तिवारी, युवराज तिवारी, वेदांश शर्मा, श्रीकांत उपाध्याय, लखन, महर्षि वाजपेयी, जेपी तिवारी, विष्णुदत्त दुबे, अनिल शुक्ला, प्रतिमा पाण्डेय, चित्रलेखा तिवारी, अश्विनी तिवारी, ओमधर दीवान, विकास दीक्षित, जितेंद्र चौबे, गिरीश साहू, कमल शर्मा, संदीप शुक्ला, रूद्र प्रताप राजपूत समेत बड़ी संख्या में परशु सेना के सदस्य उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में सांई ब्लड बैंक और आशीर्वाद ब्लड बैंक का सहयोग रहा।

### रक्तदाताओं को दिया गया हेलमेट

शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को समग्र ब्राम्हण समाज और परशु सेना द्वारा उपहार स्वरूप हेलमेट भेंट किया गया। साथ ही सभी से अपील की गई कि वे हेलमेट का हमेशा उपयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

### इमलीपारा में होगी पूजा आज

सोमवार 20 अप्रैल को कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज, सरयूपारीण और मारवाड़ी ब्राम्हण समाज के भवन में भगवान परशुराम की पूजा, हवन कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस दौरान सभी विप्र समाज द्वारा अलग-अलग स्थानों पर भी पूजा कर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। घोंघा बाबा मंदिर में उपनयन संस्कार तथा शाम को भगवान परशुराम चौक राजकिशोर नगर में पूजा-अर्चना की जाएगी। 21 अप्रैल को परपंरा अनुसार शीतला माता मंदिर दयालबंद से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसका पं. देवकीनंदन दीक्षित स्कूल में धर्मसभा के रूप में समापन होगा। धर्मसभा में आशीर्वचन देने श्री जगदगुरू रामानुजाचार्य, श्री स्वामी घनश्यामाचार्य महराज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् ने किया परशुराम जन्मोत्सव पर आरती- पूजन



समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की ईकाई द्वारा शास्त्री नगर सरकंडा स्थित दक्षिणमुखी श्री हनुमान जी मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भक्ति एवं उत्साह के साथ आरती एवं पूजन का भव्य आयोजन किया गया।

समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् की जिलाध्यक्ष रमा दीवान एवं जिला सचिव अंजू शर्मा ने संयुक्त रुप से बताया कि मातृशक्ति ने सामूहिक रूप से आरती कर भक्ति गीतों और भजनों के माध्यम से वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। जिला संयोजिकाविभा पांडेय ने कहा कि ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का भी सशक्त उदाहरण भी बनेगा। संगठन की प्रमुख सलाहकार शशि द्विवेदी ने भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे धर्म, साहस और न्याय के प्रतीक हैं। उपाध्यक्ष सरोज तिवारी ने विशेष रूप से महिलाओं को समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। इस आयोजन में श्वेता शर्मा, स्वाति दीवान,सरिता तिवारी, किरण शुक्ला, माया दुबे, पुष्पा दुबे, उर्वशी शर्मा, चंद्रकांता गौरहा,शीलू द्विवेदी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### सरकंडा में भव्य शोभायात्रा आज



सरकंडा परिक्षेत्र भगवान परशुराम महाराज के भक्तिभाव से सराबोर हो गया है। सोमवार को निकलने वाली भगवान परशुराम के शोभायात्रा में शामिल होने को आतुर है। शोभायात्रा में विभिन्न झाँकियों के साथ भगवान परशुराम महाराज की झाँकी का दर्शन सभी को होगा।

भगवान श्री परशुराम महाराज की भव्य शोभायात्रा "अक्षय तृतीया " के दिन शुभ मुहूर्त पर सरकंडा के अशोकनगर चौक "श्री राम भिक्षुक दास जी महाराज की मूर्ति " की पूजा अर्चना कर आरंभ होगी। राजकिशोर नगर के श्री परशुराम चौक से दोपहर 2:30 बजे ध्वजा पूजन कर बाईक रैली के साथ ध्वजा यात्रा आरंभ होगी। 3:30 बजे दोपहर में शोभायात्रा अशोकनगर चौक में संत शिरोमणि श्री राम भिक्षुक दास महाराज की पूजा अर्चना के पश्चात ध्वज पूजन कर बाईक रैली पद यात्रा मे परिवर्तित होकर भव्य शोभायात्रा का रूप धारण करते हुए बाजपेयी मैदान में प्रवेश करेगी एवं वरिष्ठजनो द्वारा ध्वज को श्रीराम मंदिर में भेंट किया जायेगा। बाजपेयी ग्राउंड में मंच पर संत समागम के साथ धर्म सभा, प्रवचन, सम्मान समारोह व भोजन प्रसाद के पश्चात सभा का समापन होगा।

# अक्षय तृतीया पर 11 कन्याओं का विवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शोभा टाह फाउंडेशन के द्वारा अक्षय तृतीया के अक्षुण मुहूर्त पर कन्यादान महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत 11 अलग-अलग समाज के कन्याओं का विवाह अग्रसेन भवन मध्य नगरी चौक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम गायत्री विधान के अंतर्गत नंदिनी पटनवार सहित हरिद्वार के पुरोहित के मंत्रोच्चार से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आशीर्वाद देने वालों में केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, बृजेश्वरानंद महाराज,विधायक धरमलाल कौशिक, गोदड़ी वाला धाम महंत अम्मा मीरा देवी, अशोक गोयल, कार्तिकेय गोयल,अनुभा टाह गोयल, अमर गिदवानी रायपुर, एसपी सिंह, संजय दुबे, प्रवीण झा, डॉ विनोद तिवारी, डॉ एलसी मढ़रिया, डॉ बीआर होतचंदानी, अमर बजाज, चरणजीत सिंह गंभीर, लता सौमित्र गुप्ता, अनिल खंडेलवाल, शेखर, मनोज भंडारी, ब्रजेश सिंह, शीतल पटनवर, अखिलेश गुप्ता, पिंटू जायसवाल, बागेश्वर धाम शिष्य सेवा मंडल के सदस्य सहित बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्ध जन उपस्थित होकर आयोजन में सम्मिलित हुए । वही रीतेश्वर महाराज बनारस ने वर्चुअल रूप से नव वधु को अपनी शुभकामनाएं आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन भुवन वर्मा, डॉ शंकर यादव, शिव सारथी, श्रीराम यादव ने किया।

## बेटी के विवाह पर संस्था ने किया सहयोग



विद्यानगर निवासी दशरथ लोधी बुजुर्ग व्यक्ति, जो पहले गार्ड की नौकरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे, उम्र अधिक होने के कारण नौकरी से निकाल दिए गए। आर्थिक संकट के बीच उनकी नातिन का विवाह होना था, लेकिन संसाधनों की कमी उनके लिए बड़ी चिंता बन गई थी।

इस स्थिति की जानकारी मिलने पर लायंस क्लब बिलासपुर स्माईल एवं गुलदस्ता फाउंडेशन के सदस्यों के साथ-साथ शहर के कई संवेदनशील लोगों ने आगे आकर सहयोग किया,साड़ी, कपड़ा, कुलर जरूरतमंद पिता को सम्मानपूर्वक सौंप दी गई। ताकि उनकी बेटी का विवाह सुचारु रूप से संपन्न हो सके। इस मौके पर अध्यक्ष रीता राजगीर के साथ क्लब की सदस्य सीमा सिंह, यश सिंह अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। इस पहल ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि समाज की एकजुटता और मानवीय भावना किसी भी कठिन परिस्थिति को आसान बना सकती है। बेटियां पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी होती है, इसी भावना के साथ मानवता के नाते हमने एक जरूरतमंद परिवार के विवाह में लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल और गुलदस्ता फाउंडेशन ने आर्थिक सहयोग किया।

## गुड्डा-गुड़िया विवाह महोत्सव में आज शादी



तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति के महिला विंग द्वारा अक्षय तृतीया पर दो दिवसीय गुड्डा-गुड़िया का विवाह आयोजित किया जा रहा है। वाई दुर्गा राव एवं जे मीरा ने बताया कि यह आयोजन वाई दुर्गा राव के निवास कासिम पारा में किया जा रहा है।

दूसरे दिन 20 अप्रैल को शाम 6 बजे गुड्डा-गुड़िया का हिंदू पद्धति में विवाह का कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व महापौर वाणी राव होंगी। महिला विंग केआर ज्ञानेश्वरी, पी वरलक्ष्मी, इंदुमती, ज्योति राव, लवणीय, बी लक्ष्मी, पिंकी, यू त्रिवेणी, आर वनजा, व्ही गायत्री, अनीता, बी लता, पी लक्ष्मी, ज्योति पटनायक, पी पार्वती, यू ज्योति, जी पुष्पा, बी शारदा, बी पद्मा, जी लता, कविता, पद्मा, सुषमा एवं महिला विंग के अन्य सदस्य लगे हुए हैं।



## बच्चों ने डांस, ड्रामा पेश कर किया लघु नाटक का मंचन

**बिलासपुर।** चर्च ऑफ़ ख्राईष्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन समिति में पास्टर सुदेश पॉल के नेतृत्व में चल रही ग्रीष्मकालीन बाइबिल कक्षा रविवारीय आराधना व बच्चों की रंगारंग प्रस्तुति के साथ समापन हुआ।

पास्टर श्री पॉल ने बताया कि बाइबिल कक्षा में बच्चों एवं जवानों में धार्मिक शिक्षा के साथ ही नैतिक शिक्षा, मौलिक अधिकार, बुनियादी सुविधाएं, शारीरिक स्वच्छता, परिवार, समाज के प्रति कर्तव्य निर्वहन, ईश्वर के प्रति श्रद्धा, नम्रता, आस्था, विश्वास आदि विषयों पर शिक्षा दी गई। बाइबल क्लास में कुल 110 बच्चों ने भाग लिया। समापन पर रविवारीय आराधना में बच्चों ने रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत डांस, ड्रामा, लघु नाटक का मंचन किया गया। पूरे सप्ताह बच्चों को जो शिक्षा दी गई थी, उन विषयों पर शनिवार को परीक्षा ली गई। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पारितोषिक वितरण किया गया। रविवार आराधना का संचालन बोल्डी कुमार एवं बाइबिल का पठन विवेक मसीह ने किया। प्रार्थना में अगुवाई पूनम टोपनो, जास्मिन दास, एंजलिना लवंग, लवली बाघ ने की। प्रभु भोज वितरण मुकेश पॉल, प्रवीण जैसल ने किया। बाइबल क्लास का संपूर्ण लेखा जोखा रिपोर्ट मंजू निशा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संडे स्कूल, जवान सभा, महिला सभा, प्राचीन सभा के सदस्यों का योगदान रहा।

### छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा

# कोपरा जलाशय को रामसर साइट का दर्जा, कुरूख बोली किस जनजाति से है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्नर न्यूज



छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा रविवार को परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई, जिले में इस परीक्षा के लिए कुल 75 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। डिप्टी कलेक्टर नारायण गबेल ने बताया कि 14 हजार 67 परीक्षार्थियों ने एग्जाम दिलवाया व 7 हजार 226 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। 50 पदों की इस परीक्षा में प्रदेश भर में लाखों अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षार्थियों ने बताया कि 2 घंटे की इस परीक्षा में सौ अंक का प्रश्न पत्र पूछा गया जिसमें सामान्य ज्ञान व छत्तीसगढ सबंधित अधिकांश प्रश्न पूछे गए। परीक्षार्थियों ने बताया कि इस बार गणित, रिजनिंग व परिवहन विभाग से सबंधित कोई प्रश्न नहीं था। इसमें कुरूख बोली का सबंध किस जनजाति से है,कोपरा जलाश्य को रामसर साइट का दर्जा कब मिला व छत्तीसगढ मित्र का प्रकाशन किन साहित्यकारों ने किसा जैसे प्रश्न पूछे गए। परीक्षा को लेकर प्रशासन ने कड़े दिशा-निर्देश थे, ताकि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 2 घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य था। प्रवेश से पहले सभी की फ्रिस्किंग और फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन हुआ। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पहले, यानी सुबह 10:30 बजे, केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया गया जिससे कई देरी से पहुंचने पर अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित हो गए।



### इन मानकों को परीक्षार्थियों ने किया पूरा

ड्रेस कोड को लेकर भी विशेष निर्देश था, अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आना था। जबकि गहरे रंग के कपड़े पूरी तरह प्रतिबंधित रहा। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति थी साथ ही, परीक्षा केंद्र में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी जैसे किसी भी सामान को ले जाने पर सख्त पाबंदी रही। केवल काले या नीले बॉल पेन की अनुमति दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट कहा था कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर अभ्यर्थिता रद्द कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


पं. ललित मिश्रा
पं. संजीव तिवारी
पं.आशीष शुक्ला
पं. राजेश त्रिवेदी
पं. चंद्रचूड़ त्रिपाठी
पं. आशीष शुक्ला
पं. आशुतोष त्रिपाठी
पं. मुकुल तिवारी
पं. मनीष पाण्डेय
पं. प्रशांत पाण्डेय
पं. गौरव तिवारी
पं. राजू तिवारी
छत्तीसगढ़ सर्व ब्राम्हण समाज की ओर से
भगवान परशुराम जंयती
की हार्दिक शुभकामनाएं...
पं. स्वप्निल शुक्ला
पं. धर्मेश शर्मा
पं. अमन शुक्ला
पं. सिद्धांशु मिश्रा
पं. सुरेश पाण्डेय
पं. प्रशांत त्रिपाठी
पं. नवीन तिवारी
पं. सुमित शुक्ला
श्रीमती शिल्पी तिवारी
श्रीमती अंकिता त्रिपाठी
कुमारी स्वर्णा शुक्ला
पं. श्रेयांशु दुबे
पं. शिवांश शुक्ला
(शिवि)
छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज बिलासपुर
पं. स्नेहिल शुक्ला
(कान्हा)
#MGR

## खबर संक्षेप

### वेदांत ने राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



**मल्हार।** वर्सेटाइल मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा 18 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर चांपा में आयोजित राज्य स्तरीय कराते चैंपियनशिप में कक्षा 3 के प्रतिभावान छात्र वेदांत तिवारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष 20 किलोग्राम वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया, जहां कड़े मुकाबले के बीच वेदांत तिवारी ने अपने उत्कृष्ट कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय देते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। वेदांत तिवारी की इस उपलब्धि के साथ उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की कराते चैंपियनशिप के लिए भी किया गया है। यह प्रतियोगिता 9 एवं 10 मई को देहरादून में आयोजित होगी, जिसमें वे छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। वेदांत तिवारी मल्हार के हेमंत तिवारी व सुभद्रा तिवारी के पुत्र हैं।

### शतरंज़ चैंपियनशिप में रुद्राक्ष बने चैंपियन



**लोरमी।** जिला शतरंज़ संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला मिनी 7 वर्ष एवं 9 वर्ष शतरंज बालक-बालिका चैंपियनशिप का आयोजन रविवार को नगर के विकासखण्ड खेल केंद्र में किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि दिलीप कुमार साहू, व्याख्याता एवं आयोजक प्रमुख सुबोध कुमार सिंह, अध्यक्ष जिला शतरंज़ संघ प्रतियोगिता डायरेक्टर देवराज वंदे उपस्थित रहे। चैंपियनशिप 5 चक्रों में हुई, जिसमें मुख्य निर्णायक राजेश पाटले, निर्णायक अमन कुमार मिरी, ऑफिसियल अनुराग बंजारे रहे। प्रतियोगिता में 7 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अदिति कश्यप, 7 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम जे. अचिन्तया राव, 9 वर्ष बालिका वर्ग में प्रथम स्थान आराध्या जायसवाल द्वितीय स्थान आएशा फातिमा 9 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम स्थान रुद्राक्ष शर्मा द्वितीय स्थान ऋषभ आयाम पर रहे। प्रतियोगिता से रैंकिंग प्राप्त खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु तैयार किया जाएगा ।चयनित खिलाड़ी 2 व 3 मई को रायपुर में आयोजित आयु 7 वर्ष राज्य शतरंज़ चैंपियनशिप में मल जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### खंड चिकित्सा अधिकारी व मेडिकल टीम ने मनाया विश्व लीवर दिवस



**लोरमी।** वर्ल्ड लीवर डे पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ जी एस दाऊ एवं मेडिकल टीम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉक्टर जीएस दाऊ ने कहा कि हम सभी लिवर संबंधी बीमारियों और उनके बचाव संबंधी जानकारी के प्रति से जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लें। खान पान से परहेज कर अच्छी जीवन शैली पर ध्यान दें। नियमित व्यायाम करें। शराब, धूम्रपान नशा से दूर रहें। जिससे हमारा लीवर स्वस्थ रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जीएस दाऊ, नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉक्टर अशोक जायसवाल, मेडिकल टीम के नगर अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव-मुकेश कश्यप, उपाध्यक्ष जीवन साहू राजेंद्र साहू, अवधेश राजपूत जितेंद्र राजपूत राजेश झरिया जितेंद्र साहू, भुवन, अमित शिव हरे एवं स्टाफ उपस्थित थे।

### जिला अस्पताल में पहली बार कान के पर्दे का ऑपरेशन



**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में चिकित्सकों द्वारा पहली बार कान का पर्दा बनाने का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया, जिससे मरीज को नई जिंदगी और बेहतर सुनने की उम्मीद मिली है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि, 22 वर्षीय एक युवती का जिला अस्पताल में सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ डॉ एमके राय एवं डॉ कमलेश सत्यपाल द्वारा किया गया। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और मरीज की स्थिति संतोषजनक बताई जा रही है। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि, जिला चिकित्सालय में इस प्रकार का पहला सफल ऑपरेशन है, जो स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और विशेषज्ञता में हो रही निरंतर प्रगति को दर्शाता है। जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि, आने वाले समय में और भी उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि जिलेवासियों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण समाज ने की पूजा अर्चना

# न्याय व साहस के प्रतीक हैं भगवान परशुराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भगवान परशुराम जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर सर्व ब्राह्मण परिषद द्वारा पुराना बस स्टैण्ड स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कलश चढ़ाया गया। साथ ही समाज के कल्याण एवं धर्म रक्षा की कामना की गई।

कार्यक्रम में विप्र समाज के महिलाएं एवं सामाजिकजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखने को मिली। जिससे पूरा क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रहा। सर्व ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष पं अवधेश शुक्ला ने समाज को संबोधित करते हुए कहा, "भगवान परशुराम केवल ब्राह्मण समाज के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए न्याय और साहस के प्रतीक हैं। नगर पालिका अध्यक्ष एवं युवा परिषद के अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने कहा कि "भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हमें धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा ने कहा कि "यह गौरव का विषय है कि आज पूरा विप्र समाज एक सूत्र में बंधकर अपने आराध्य का पूजन कर रहा है। इस अवसर पर पं सुनील पाठक व पं स्वतंत्र मिश्रा ने भी संबोधित कर शुभकामनाएं दी। मनोज मिश्रा के नेतृत्व में विप्रजनों ने आरती का सस्वर गायन किया। 24 अप्रैल को शाम 5 बजे भगवान परशुराम चौक पुराना बस स्टैंड से विशाल बाइक रैली निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के युवा एवं महिलाएं भी शामिल होंगी। वहीं 25 अप्रैल शनिवार शाम 4 बजे नगर के सामुदायिक भवन से विप्र भवन, पंडरिया रोड तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन में अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महिला परिषद मंजुला शर्मा, दुष्यन्त दुबे, गिरीश शुक्ला, शैलेष पाठक, सुनील पाठक, आशीष मिश्रा, प्रमोद पाठक, स्वतंत्र मिश्रा, रवि शुक्ला, सौरभ बाजपेयी, अरुण पाठक, प्रभात तिवारी, आयुष शुक्ला, ब्रह्मदत्त त्रिपाठी, दिनेश शर्मा, आशीष तिवारी, रामेश्वर तिवारी, मुकेश मिश्रा, प्रिंशु दुबे, सुनील पाण्डेय, संतोष पाठक, राहुल पाठक, शशांक चौबे, ओमप्रकाश दीक्षित, सुमित उपाध्याय, आयुष धर दीवान, राजेंद्र बाजपेई, चंद्रेश पाण्डेय, रविशंकर शर्मा, बल्लू पौराणिक, दयाशंकर उपाध्याय एवं महिला टीम से उर्वशी पाठक, कल्पना मिश्रा, अमिता मिश्रा, रश्मि तिवारी, निधि पौराणिक, ऋतु तिवारी, रजनी पाठक, मीना तिवारी, प्रतिमा पांडेय, राजेश्वरी पाठक, आराधना तिवारी सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।



भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करते सामाजिकजन।

### विप्र समाज ने की भगवान परशुराम की पूजा



**मल्हार।** अक्षय तृतीया पर रविवार को ब्राम्हण परिवार द्वारा नगर के स्कूल चौक स्थित अटल परिसर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विधिपूर्वक पूजन के बाद भव्य महाआरती की गई। आचार्य पंडित दीपक तिवारी ने सभी पूजन सामग्रियों के साथ भगवान परशुराम के छायाचित्र में वैदिक मंत्रोच्चारण करते हए विधि विधान से पूजन सम्पन्न कराया। ब्राह्मण परिवार मल्हार द्वारा बुधवार को नगर में भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकलेगी जिसमें पूरे मस्तूरी क्षेत्र के ब्राम्हण परिवार शामिल होंगे। इस दिन दोपहर 3 बजे से माता डिडिनेश्वरी मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर शोभायात्रा मुख्य मार्ग होते हुए देऊर मंदिर के पास रेस्ट हाऊस में समाप्त होगी। जहां ब्राम्हण परिवार के वरिष्ठजन समाज को ऊर्जा प्रदान करने के लिए अपना विचार व्यक्त करेंगे। कार्यकम की पूरी रूपरेखा ब्राम्हण परिवार मल्हार के वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों ने तैयार कर ली है। नगर में पहली बार आयोजित हो रहे विप्र सम्मेलन को लेकर समाज मे उत्साह का माहौल है, उक्त शोभायात्रा में इस बार महिलाओ की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति होगी।



## अक्ती पर रचाई गुड्डे गुड़ियों की शादी

**मुंगेली।** क्षेत्र में अक्ति का पर्व दो दिन मनाया जा रहा है। कहीं-कहीं 19 अप्रैल को मनाया गया तो कहीं 20 अप्रैल को मनाया जाएगा। अक्ति पर्व की तैयारी में मटका और पुतरा-पुतरी एक दिन पूर्व ही खरीदकर घर ला रहे हैं और पुतरा-पुतरी की शादी रचाई जा रही है।

नौनिहाल बच्चों में भी उत्साह व बाजार रौनक देखी जा रही है। अंचल में अक्षय तृतीया पर्व पर बड़ी संख्या में होगी शादियां। बैंड, डीजे, भवन, वाहन आदि पहले से ही बुक कर लिये गये है। अक्षय तृतीया का पर्व परंपराओं और संस्कारों का पर्व मानया जा रहा है। 20 अप्रैल को अक्ती पर्व शहर सहित ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी ग्रामीण मटका और पुतरा-पुतरी एक दिन पूर्व ही खरीदकर घर ला रहे हैं और पुतरा-पुतरी की शादी रचाई जा रही है। नौनिहाल बच्चों में भी उत्साह व बाजार रौनक देखी जा रही है। वहीं कुम्हार मटका व पुतरा-पुतरी बेचकर अच्छे आमदनी कमाने लगे हैं। अक्षय तृतीया के शुभ मुहुर्त में जहां एक तरफ लोग अपने बेटा, बेटियों का विवाह सम्पन्न कराने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अक्षय तृतीया पर्व पर बड़ी संख्या में शादी का मुहुर्त है। बैंड, डीजे, भवन, वाहन आदि पहले से ही बुक कर लिये गये है। वहीं दूसरी तरफ बच्चे भी अपने गुड्डे, गुडियां की शादी धूमधाम से रचाने की तैयारियों में जुटे हुए हैं। परीक्षाओं से निवृत्त होने के बाद बच्चों के सबसे प्रिय त्यौहार अक्षय तृतीया या अक्ती में बच्चों के लिए गुड्डे, गुड़ियों की शादी का खेल सबसे रोचक है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आवासीय विद्यालय में दो सत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई एवं विभिन्न प्रकार की आयोजित प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण किया गया। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, व्यवस्थापक एचआर भास्कर एवं प्राचार्य आशा दिवाकर, अभिभावक संजय चंदेल, ललिता प्रसाद पाटले ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आशा दिवाकर ने कहा कि बाबा साहब की शैक्षणिक यात्रा बहुत ही अनुकरणीय है। वे नौ भाषाओं के ज्ञाता थे। एचआर भास्कर ने कहा कि हमारे पदाधिकारियों के सोंच, त्याग एवं समर्पण तथा सहयोग से ही जेईई, नीट जैसे विषय की निःशुल्क कोचिंग दे पा रहे हैं। द्वितीय सत्र में संस्थान के वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें गतवर्ष में किये गये वास्तविक आय-व्यय को पारित कर आगामी वर्ष के लिये अनुमानित बजट एवं वार्षिक कलेण्डर का अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर जेईई-नीट एवं बी.एस.सी.नर्सिंग क्रैश कोर्स कोचिंग एवं विद्यालय के छात्र-छात्रा, शिक्षक-शिक्षिका, अभिभावक तथा संस्थान के सदस्य एवं पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बैगा ग्राम पटपरहा में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर



**मुंगेली।** जिले के दूरस्थ वनांचल बैगा ग्रामों में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान गांव के लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाई एवं परामर्श दिया जाता है। इसी कड़ी में बैगा ग्राम पटपरहा में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 54 से अधिक मरीजों की जांच की गई, जिसमें संदेहास्पद टीबी के 6, सर्दी-खांसी के 8, दाद, खाज, खुजली के 7, बुखार के 5, सुगर के 2, बीपी के 5, पाईल्स के 3, हाथ-पैर दर्द के 7, कमजोरी के 8, कान से संबंधित 1 तथा आंख संबंधी बीमारी के 2 मरीजों की जांच की गई और उन्हें दवाई एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। जिला क्षय-कुष्ठ उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने बताया कि शिविर में संदेहास्पद टीबी मरीजों की बलगम सीबीनॉट मशीन में जांच के लिए एकत्र किया गया। इसके साथ ही बचाव व नियंत्रण के लिए पाम्पलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक अमिताभ तिवारी, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, आरएचओ और मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



**मल्हार।** समीपस्थ ग्राम भरारी में पूरे गांव के लोगो के सहयोग से सार्वजनिक रूप से संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दो बाल विदुषी भगवान की महिमा का गुणगान करेंगी। 18 से 26 अप्रैल तक आयोजित इस आयोजन के पहले दिन शनिवार को गांव में कलशयात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या ग्रामवासी शामिल हुए। कलशयात्रा के बाद कथास्थल में आचार्य ने विधिपूर्वक बेदी स्थापना कर पूजन व अन्य अनुष्ठान संपन्न कराया। जिसके बाद कथाविचिका पंकजा दीदी व प्रज्ञा दीदी ने भागवत कथा प्रारम्भ करते हुए कथा महात्म्य में बताया कि भागवत को सभी शास्त्रों में सर्वोत्तम माना गया है, जिसका पाठ, श्रवण और कीर्तन जन्म-जन्मांतर के पापों को नष्ट कर देता है। यह न केवल बुद्धि को शुद्ध करता है, बल्कि भगवान के प्रति दिव्य प्रेम उत्पन्न करता है। उन्हीने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का वाङ्मय स्वरूप है, जो सुनने वाले के जीवन को दिव्य, शांत और पापमुक्त बनाती है। यह कथा ज्ञान, भक्ति और वैराग्य प्रदान करती है, जिससे जन्म-जन्मांतर के कष्ट दूर होकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह कथा काम, क्रोध और लोभ का नाश करती है और मन को परमात्मा की ओर मोड़ती है।

## नशे के कारोबार में लिप्त 18 आरोपियों को भेजा गया जेल



**मुंगेली।** गांजा, ब्राउन शुगर व अन्य नशे का कारोबार एवं सेवन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। मामाले में 18 के विरूद्ध कार्रवाई कर जेल भेजा गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। 19 अप्रैल को मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नाम अनिल खरसायन पिता जनक राम उम्र 38 वर्ष निवासी केसवपुर तिलक वार्ड मुंगेली, सुनील शिवारे पिता स्व. दुर्गा उम्र 36 वर्ष निवासी केसवपुर तिलक वार्ड मुंगेली, श्यामू कोसले पिता गणेश उम्र 29 वर्ष निवासी केसवपुर तिलक वार्ड मुंगेली, अमोन मसीह पिता संदीप उम्र 20 वर्ष निवासी सुरीघाट, रामू कोसले पिता गणेश उम्र 30 वर्ष निवासी केसवपुर तिलक वार्ड, करण लहरे पिता स्व. सुजीत लहरे उम्र 25 वर्ष निवासी केसवपुर तिलक वार्ड, शिव यादव पिता स्व. ढेरहू राम उम्र 30 वर्ष निवासी विनोबा नगर वार्ड, पवन सोनकर पिता भुनेश्वर सोनकर उम्र 21 वर्ष निवासी मनुराज टाकिज के पीछे सोनार पारा, जय साहू पिता संजय साहू उम्र 21 वर्ष निवासी मनुराज टाकिज के पीछे सरदार पटेल वार्ड, सतीश ठाकुर पिता मूलचंद ठाकुर उम्र 20 वर्ष निवासी रामगोपाल तिवारी वार्ड, गुलशन सिंह ठाकुर पिता निर्मल सिंह ठाकुर उम्र 34 वर्ष निवासी रामगोपाल तिवारी वार्ड, दिवी पाठक पिता गोपी पाठक उम्र 25 वर्ष निवासी पुलपारा, सूर्यांश सिंह ठाकुर पिता रवि सिंह ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी रामगोपाल तिवारी वार्ड, अवि पाठक उर्फ लक्की पाठक पिता गोपी पाठक उम्र 23 वर्ष निवासी रामगोपाल तिवारी वार्ड, गिरीश ठाकुर पिता मूलचंद ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी रामगोपाल तिवारी वार्ड, विजय सारथी पिता स्व. शिवनारायण सारथी उम्र 27 वर्ष राजेन्द्र वार्ड सारथी मोहल्ला, सूरज देवांगन पिता संतू देवांगन उम्र 27 वर्ष निवासी विनोवा भावे वार्ड, संजय पाण्डेय पिता रामनिहोरा पाण्डेय उम्र 33 वर्ष निवासी खर्रीपारा को हिरासत मे लेकर इश्तगाशा तैयार करते हुये धारा 170, 126(बी), 135(3) बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई करते हुये न्यायालय पेश कर जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया।

# जिले में नेशनल लोक अदालत 9 मई को



**मुंगेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वाधान में 9 मई को जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने जिला न्यायालय परिसर के मीटिंग हॉल में बैठक लेकर नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल लोक अदालत में राजस्व संबंधी प्रकरण को आपसी राजीनामा के आधार पर निराकृत करने निर्देशित किया। साथ ही ऐसे आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण को जिसमें राजीनामा संभव और अन्वेषण की कार्यवाही संपूर्ण हो गई है उसे तत्काल पेश करने कहा। बैठक में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जसविन्दर कौर अजमानी मलिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सचिव कंचन लता आचला उपस्थित रहे। साथ ही अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, डीएसपी हरविंदर सिंह भी मौजूद रहे।

### हिट एंड रन मुआवजा योजना को लेकर बैठक

सुप्रीम कोर्ट के रिट पिटीशन एस राजसीकरण विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया में पारित आदेश 12 जनवरी 2024 के पालन एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर में हिट एंड रन मुआवजा योजना 2022 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने पीड़ितों के लिए क्षतिपूर्ति आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने, दुर्घटना से संबंधित आवश्यक दस्तावेज समय पर तैयार कर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, हिट एंड रन मुआवजा योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना पीड़ितों एवं उनके परिजनों को आर्थिक संबल प्रदान करना है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर राहत मिल सके। बैठक में हिट एंड रन मामलों में अज्ञात वाहनों द्वारा होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में मृत एवं घायलों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि, पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा दुर्घटना संबंधी आवश्यक अभिलेख समयसीमा में उपलब्ध कराए जाएं, ताकि पीडड़ित पक्षकारों को मुआवजा राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। गंभीर चोट या मृत्यु के मामलों में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार शीघ्र कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया।

# वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने किया मुस्लिम जमातखाना का शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का आज जिले का दौरा कई कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। उनके आगमन पर मुस्लिम समाज ने गर्मजोशी से स्वागत किया। दौरे के दौरान डॉ. राज ने मुस्लिम जमात द्वारा हाजी लाल खान मुस्लिम जमातखाना का शिलान्यास किया। यह भवन सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा जिससे क्षेत्र के लोगों को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी, इसके अलावा सुन्नी मुस्लिम जमात द्वारा मल्हापारा क्षेत्र में प्रस्तावित व्यवसायिक व आवासीय भवन की बुनियाद भी रखी गई।



इस कॉम्प्लेक्स से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होने की उम्मीद जताई जा रही है साथ ही समाज के जरूरतमंद को आवासीय भवन मिल सकेंगे, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छग राज्य वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ सलीम राज व अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सलीम राज ने कहा कि वक्फ संपत्तियों का सही उपयोग समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। दौरे के क्रम में उन्होंने अल अमीन एकेडमी का निरीक्षण भी किया। में मुख्य रूप से सुन्नी हन्फी कच्छी मस्जिद के खतिबो इमाम मुफ्ती गुफरान रजा साहब और सुन्नी हन्फी कच्छी मस्जिद के मुतवल्ली सैय्यद वाजिद, अंजुमन कमेटी के सदर इश्हाक खान, जामा मस्जिद के कार्यवाहक मुतवल्ली हाजी खलील खान, आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष मो अलीम, सचिव नईम खान, मौलाना आलम बेग प्रदेश मंत्री अल्पसंख्या नीति मंच, छत्तीसगढ़ भाजपा अल्पसंख्या मोर्चा के फैजान खान शेबू प्रदेश कोषाध्यक्ष, सचिन मसीह प्रदेश मिडिया प्रभारी रितेश वाधवा जिलाध्यक्ष मुंगेली, मुशरफ खान जिलाध्यक्ष बिलासपुर ग्रामीण, हनीफ खान जिलाध्यक्ष बिलासपुर, सालामुद्दीन प्रदेश कार्यसीमिती सदस्य, सिकंदर खान मन कि बात प्रभारी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम साथी शामिल हुए।

### बरेला में डा. सलीम का स्वागत



**जरहागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज एवं फैज़ान अहमद का बरेला नगर आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने अभिनंदन किया। मुस्लिम सामुदायिक भवन के उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर बरेला स्थित मुस्लिम सामुदायिक भवन में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. सलीम राज ने उपस्थित जनसमुदाय को वक्फ से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, उनके समुचित उपयोग एवं प्रबंधन पर विस्तार से प्रकाश डाला, साथ ही लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सभा के दौरान डॉ. सलीम राज द्वारा मुस्लिम सामुदायिक भवन में टीन शेड निर्माण हेतु 2 लाख रुपये की अनुदान राशि की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत बरेला के अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल एवं समस्त पार्षद द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मुतवल्ली हाजी इरशाद अंसारी, मुस्लिम जमात बरेला के अध्यक्ष हनीफ अहमद, नायब मुतवल्ली शेख सफ्फु, सचिव इमरान शाह, हाजी कय्यूम अंसारी, आबिद अंसारी, शमीम अहमद, मिनाज अंसारी, नट्टू जायसी, जावेद जायसी, जुनेद जिंदरान सहित अनेक सम्माननीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## आलोक बने विधिक सहायता समिति के अध्यक्ष



**बिलासपुर।** छग राज्य विधिक परिषद के 25 निर्वाचित सदस्यों के ऑफिस बेयर्स का चुनाव 18 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस धूलिया के नेतृत्व में बनी समिति द्वारा कराया गया। उच्च न्यायालय परिसर बिलासपुर कि राज्य विधिक परिषद के कार्यालय में यह चुनाव हुआ। राज्य विधि के परिषद के सदस्य आलोक कुमार गुप्ता को चुनाव में सफलता मिली है। श्री गुप्ता को विधिक सहायता समिति के अध्यक्ष, कार्यकारिणी समिति, अनुशासन समिति, नामांकन समिति, वित्त समिति, अपील समिति, नियम निर्माण समिति, लेजिसलेशन एवं रिफॉर्म समिति का सदस्य बनाया गया है। आलोक गुप्ता ने प्रदेश के समस्त अधिवक्ताओं के प्रति आभार जताया है। उन्होंने अधिवक्ताओं का डेथ क्लेम बढ़ाने, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, मेडिकल क्लेम बढ़ाने तथा अधिवक्ता हित में कार्य करने के लिए ठोस कदम उठाए जाने पर जोर दिया।

## झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** पेट्रोल खरीदकर आग लगाने वाले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। ज्ञात हो कि 17 अप्रैल को बिल्हा पौंसरी निवासी मनजीत जायसवाल 28 साल ने 17 अप्रैल को दोपहर में पेट्रोल पंप से पेट्रोल खरीद कर आग लगा ली थी। 18 अप्रैल को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

## अवैध शराब बेचने वाले 6 कोचियों को पकड़ा

**बिलासपुर।** बेलगहना चौकी पुलिस ने दर्शनार्थी बनकर मरही माता मंदिर के पास अवैध शराब बेचने वाले 6 कोचियों को पकड़ लिया। उनके पास से 162 लीटर कच्ची महुआ शराब व बाइक जब्त की गई है। बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर को सूचना मिली कि रविवार को छुट्टी होने पर भनवारटंक स्थित मरहीमाता मंदिर में आसपास के जिले व प्रदेश से लोग दर्शन बड़ी संख्या में दर्शन करने आए हैं और कोचिए सक्रिय होकर मंदिर के पासपास अवैध शराब बेच रहे हैं। प्रभारी श्री ठाकुर योजना बनाकर ग्रामीण वेशभूषा धारण कर दर्शनार्थी बनकर मरहीमाता मंदिर गए। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मो. आसीफ उर्फ लवि खान पिता मो. अजहर खान आमागोहन खोंगसरा, दीपक पासी पिता जीवनलाल पासी ग्राम तुलुफ, गोरेलाल सुल्तान पिता सुन्दरलाल सुल्तान ग्राम करवा, रंजीत सोनी उर्फ जीत सोनी टेगनमाड़ा, करीम खान पिता कमरूद्दीन खान आमागोहन, जशवंत सिंह पिता जोगेनद्र सिंह ग्राम तुलूफ निवासी को पकड़ लिया है।

मरीजों को नहीं पता डाइट में क्या-क्या मिलता है, डाइट चार्ट का नहीं हो रहा पालन

# सिम्स की थाली फीकी: खाने से सलाद गायब, दाल में पानी ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में रोजाना मरीजों को खाना मिल रहा है, लेकिन इसकी क्वालिटी समय के साथ ही कम होती जा रही है। हाल यह है कि खाने से सलाद गायब रहती है और दाल में पानी की मात्रा अधिक है। ठेकेदार द्वारा रूपए बचाने के लिए मरीजों के स्वास्थ्य के साथ छेड़छाड़ की जा रही है।

रविवार को सिम्स में ठेकेदार द्वारा मरीजों को दी जा रही थाली में जमकर मुनाफाखोरी देखी गई। हरिभूमि की टीम सिम्स पहुंची तो डाइट प्लान के अनुसार सुबह 11.30 बजे दाल, चावल, रोटी, सलाद, सब्जी और दही दी जानी थी, लेकिन इस दौरान सलाद प्लेट से गायब थी। मेल सर्जिकल वार्ड में मरीजों को दी गई थाली में दाल कम पानी ज्यादा नजर आ रही थी। मरीजों ने इस पर कुछ कहा भी नहीं, क्योंकि उन्हें डाइट चार्ट की जानकारी ही नहीं है। दरअसल जिस ठेकेदार को सिम्स का ठेका दिया गया है, वह डाइटिशियन को अलग थाली चखाता है और मरीजों को बांटने के लिए अलग ट्राली रखता है। वहीं हर मरीज को एक सा थाली दी जा रही है, जबकि मरीजों की बीमारियों के अनुसार उनका डाइट फ्लो कराई जानी है।



सिम्स में मरीजों को भोजन देते कर्मचारी।

### डायबिटीज के मरीज ने की शिकायत

मेल सर्जिकल वार्ड के एक मरीज ने बताया कि उसे डायबिटीज है, लेकिन खाने में उसे चावल और दही दी गई है, जिसके चलते उसने वेंडर से इसके बदलने के लिए कहा है। सुबह 6.30 से शाम 6.30 बजे तक 7 बार डाइट प्लान के अनुसार मरीजों को खाना दिया जाना है, इसमें दो बार नाश्ता शामिल है, लेकिन किस वार्ड के क्या डाइट दी जा रही है यह ट्राली वेंडर को पता तक नहीं है। वह हर किसी को एक ज्यादा खाना परोस कर खानापूर्ति कर रहा है।

### भोजन से समझौता नहीं होगा

हमारा निरीक्षण हमेशा होता रहता है, खाने में गड़बड़ी करना ठेकेदार को भारी पड़ सकता है। खाने की क्वालिटी के साथ समझौता नहीं किया जाएगा, मरीजों को डाइट प्लान के अनुसार ही डाइट दी जाएगी।

**-डॉ लखन सिंह,**
अधीक्षक, सिम्स



टक्कर के बाद शार्ट सर्किट से ट्रेलर जलकर खाक।

# दो ट्रेलर में टक्कर, आग लगने से ड्राइवर फंसकर जिंदा जला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सकरी नेशनल हाइवे पर संबलपुरी ओवरब्रिज के पास हुई भीषण दुर्घटना, ट्रेलर जलकर राख

सकरी संबलपुरी स्थित ओवरब्रिज पर रायपुर की ओर जा रहे ट्रेलर को पीछे से कोयला से भरे ट्रेलर के ड्राइवर ने टक्कर मार दी, हादसे के शार्टसर्किट होने से ट्रेलर में आग लग गई और ड्राइवर केबिन में फंस गया। ट्रक के साथ ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत हो गई। भीषण आग के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम दमकल लेकर मौके पर पहुंची। दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।

सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया, 19 अप्रैल की दोपहर 12.15 बजे बिलासपुर से रायपुर की ओर एक ट्रेलर कोयला लेकर जा रहा था। नेशनल हाइवे सम्बलपुरी ओवरब्रिज के पास पीछे से रायपुर की ओर कोयला लेकर जा रहे दूसरे ट्रेलर के ड्राइवर ने तेज गति से सामने चल रहे ट्रेलर को टक्कर मार दी। इससे टक्कर मारने वाले ट्रेलर



में शार्टसर्किट होने से आग लग गई और ड्राइवर बिहार निवासी अरविंद भारद्वाज केबिन में फंस गया। इंजन में आग लगने से आग तेजी से फैली और पीछे कोयला लोड होने से ट्रेलर जलने लगा। हादसे के बाद आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। इधर ट्रेलर के साथ केबिन में फंसा ड्राइवर जिंदा जल गया। सूचना पर सकरी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई और दमकल के पानी से आग बुझाने में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। भीषण आग से पूरा ट्रेलर जलकर खाक हो गया है।

### वाहनों की लगी कतार

हादसे के बाद ट्रैफिक जाम हो गया। नेशनल हाइवे होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और भीषण गर्मी में फंसकर लोग हलाकान होते रहे। एसडीआरएफ की टीम द्वारा आग बुझाने के बाद गाड़ी को सड़क किनारे किया गया। उसके बाद आवागमन सामान्य हो पाया।

# एमपी से गांजा खपाने आए तीन तस्कर गिरफ्तार, 20 किलो गांजा जब्त

**बिलासपुर।** एमपी से गांजा खपाने शहर में आए तीन तस्करों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से 20 किलो गांजा बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 10 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली सीएसपी आईपीएस अधिकारी गगन कुमार ने बताया, कोतवाली पुलिस को सूचना मिली आटो से तीन युवक जवाली नाला के पास आकर उतरे हैं और तीनों के हाथ में पिठ्ठू बेग है। बेग में गांजा होने व



ग्राहक खोजने की बात कहीं गई। टीआई देवेश सिंह राठौर स्टाफ के साथ मौके पर घेराबंदी कर आदित्य कुचबदिया पिता अतुल कुचबदिया 21 साल साजली सनौधा सागर मध्य प्रदेश, पंकज कुचबदिया पिता विनोद कुचबदिया 21 साल सुखीसेवनिया भोपाल, कोहिनूर कुचबदिया पिता धरमराज कुचबदिया 19 साल पथरिया दमोह मध्य प्रदेश निवासी को पकड़ लिया। तीनों बैग की तलाशी लेने पर 20 किलो गांजा मिला। जब्त गांजा की कीमत 10 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

# 55 लाख रुपए गबन का आरोपी घर से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एक फर्म के कर्मचारी ने ग्राहकों से 55 लाख रुपए वसूली की और फरार हो गया। बीती रात मोबाइल लोकेशन के आधार पर एसआई ने बल के साथ उसके घर में दबिश दी, आरोपी ने दरवाजा खोलना छोड़ पुलिसवालों का वीडियो बनाना शुरू कर दिया, पुलिस द्वारा दरवाजा तोड़ने की धमकी देने से 2 घण्टे बाद उसने दरवाजा खोला। उसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

सिविल थाना के एसआई पूरन सिंह बघेल ने बताया, 36 सिटी मॉल शांतिनगर निवासी उमेश अग्रवाल पिता स्व. मोतीलाल की व्यापार विहार में दुकान है। उनकी दुकान में मन्नू चौक टिकरापारा निवासी श्यामदास मानिकपुरी उर्फ संजू दास पिता गुलाब दास महंत 30 हजार मासिक वेतन में ग्राहकों से वसूली करने का काम करता था। उसने जुलाई 2018 से अप्रैल 2025 के मध्य 55 लाख रुपए ग्राहकों से वसूली की फर्म में जमा नहीं किया। श्री अग्रवाल के द्वारा फर्म के लेनदेन की समीक्षा की गई तब 55 लाख रुपए गबन का मामला सामने आया। उन्होंने कर्मचारी श्यामदास मानिकपुरी उर्फ संजू दास से फर्म का पैसा वापस मांगा तो उसने 10 - 10 लाख के दो, 9 लाख का एक चेक दिया और शेष रकम 6 माह के भीतर वापस कर देने का आश्वासन दिया। उन्होंने उक्त चेक आहरित करने के लिए बैंक से जमा किया तो पर्याप्त राशि नहीं होने पर तीनों चेक बाउंस हो गए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर कर्मचारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 2, 316, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। 19 अप्रैल को एसआई श्री बघेल ने फरार आरोपी श्यामदास मानिकपुरी उर्फ संजू दास को गिरफ्तार कर लिया है।



रात को आरोपी के घर छापा मारते सिविल लाइन पुलिस।

### कोतवाली थाने में 1 करोड़ रुपए गबन की शिकायत

पूर्व में आरोपी श्यामदास मानिकपुरी उर्फ संजू दास पुराना हाईकोर्ट रोड स्थित मीनाक्षी सेल्स में ग्राहकों से वसूली का काम करता था। इस दौरान उसने ग्राहक से वसूली व सीमेंट की बोरी अधिक कीमत में बेचकर करीब 1 करोड़ गबन कर दिया था। मीनाक्षी सेल्स के मैनेजर मनोज सिंह ने घटना की शिकायत कोतवाली थाने में की है, किन्तु अब तक उक्त मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

## घर में घुसकर चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** छत के रास्ते से घर में घुसकर एक व्यक्ति के घर में चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, 18 अप्रैल को जूनीलाइन निवासी अनिल कुमार तिवारी ने रिपोर्ट लिखाई। उनके पड़ोस में रहने वाली महिला ने फोन में सूचना दी छत के रास्ते से उनके घर में चोर घुसा है। वह घर जाकर देखे तो चोर नहीं था, किन्तु आलमारी खुली थी और उसमें रखा 10 हजार रुपए चोरी हो गया था। महिला ने सीसीटीवी फुटेज दिखाकर बताई श्री तिवारी के घर में काम करने वाला गोंड़पारा चंदनबाड़ा निवासी शिवा यादव पिता राजू यादव 21 साल ने चोरी किया है। उसके आधार पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर 2 हजार रुपए जब्त किया गया। 8 हजार रुपए खर्च कर देना बताया जा रहा है।




# केबल चोरी करने वाले तीन नाबालिग सहित 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मोबाइल टावर से केबल तार चोरी करने वाले गिरोह के तीन नाबालिगों सहित 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 2 लाख 90 हजार रुपए के केबल तार व एल्युमिनीयम तार जब्त किया गया है।

सीपत टीआई राजेश मिश्रा को सूचना मिली कि ग्राम खम्हरिया के सोठी रोड बाजार के पास कुछ लड़कों की गतिविधियां संदिग्ध हैं। वे दिन में रूम में रहते हैं और रात में आर्टिगा कार से घूमने निकलते हैं। श्री मिश्रा ने स्टाफ के साथ घेराबंदी करते हुए 3 नाबालिगों सहित 6 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर तखतपुर, काठाकोनी, चोरभठ्ठी, गनियारी, जयरामनगर, मुंगेली जिला के गई जगहों पर, कुण्डा कबीरधाम, अकलतरा, कोरबा आदि जगहों में आर्टिगा कार से जाकर मोबाइल टावर में लगे केबल कॉपर वायर और एल्युमीनियम तार चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनसे छीला हुआ केबल वायर 1 क्विंटल दो किलो कीमत 1 लाख 22 हजार 400 रुपए, काले रंग के प्लास्टिक कोटेड कापर वायर का बंडल वजन 54 किलो कीमती 1 लाख 8 हजार रुपए, बारह बंडल एल्युमीनियम तार कीमती 60 हजार रुपए कुल 2 लाख 90 हजार 400 रुपए का सामान बरामद किया है।

पकड़े गए आरोपियों में शहबाज अली पिता महमूद अली 25 साल खम्हरिया सीपत, जगदीश कुमार पटेल पिता दुजराम पटेल 24 साल खम्हरिया सीपत, माईउद्दीन पिता समसुद्दीन 27 साल खम्हरिया सीपत, 3 नाबालिग बालक शामिल है।

